**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

**मुख्य समाचार''**

- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने स्वच्छ पर्यावरण व नशामुक्त हिमाचल के लिए सामूहिक प्रयासों पर दिया बल।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– चिट्टा व अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार में शामिल लोगों को नहीं बख्शेगी सरकार।
- भाजपा का आरोप– पंचायती राज व स्थानीय निकाय चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस नेता बौखलाहट में कर रहे हैं अनाप–शनाप बयानबाजी।
- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा–प्रदेश के आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों को जल्द मिलेंगी एक्सरे व अल्ट्रासाउंड मशीने– खरीद प्रक्रिया पूरी।

  और
- केंद्र सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा राज्य भर में चलाएगी महाजनसंपर्क अभियान।

----------

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर, स्वच्छ पर्यावरण व नशामुक्त हिमाचल के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से स्वच्छ पर्यावरण व नशामुक्त जीवन विषय पर आयोजित मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्वच्छ पर्यावरण और शुद्ध वायु से समृद्ध राज्य है और विकास कभी भी पर्यावरण की कीमत पर नहीं होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्त समाज ही उज्जवल भविष्य की आधारशिला हैं।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विश्व पर्यावरण दिवस पर शिमला के रिज मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में सभी वर्गों से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पूरे उत्तर भारत को स्वच्छ जल और शुद्ध वायु उपलब्ध करवाने में

महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिस कारण इसे लंग्स ऑफ नॉर्थ इंडिया कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने सभी से पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आग्रह भी किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को लेकर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिट्टा व अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

इस बीच मुख्यमंत्री ने ओकओवर शिमला में चिनार वृक्षारोपण अभियान के पहले चरण का शुभारंभ भी किया।

**विरोध**

उधर लाहौल–स्पीति जिला में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तांदी बाँध संघर्ष समिति ने कोकसर में प्रस्तावित चिनाब–व्यास लिंक परियोजना के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया है। समिति के अध्यक्ष विनोद लारजे ने कहा कि सुरंग निर्माण और ब्लास्टिंग से जल स्रोतों, ग्लेशियरों व स्थानीय पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंच सकता है। वहीं उपाध्यक्ष अरुण राणा ने ब्यास घाटी में बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं का हवाला देते हुए सरकार से परियोजना पर पुनर्विचार की मांग की है।

**एमओयू**

राज्य सरकार और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम यू.एन.डी.पी ने प्रदेश में जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूल, समावेशी व सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा संग्रहण के लिए इलैक्ट्रिक मोबिलिटी और अन्य जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूल विकास प्राथमिकताओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग किया जाएगा। समझौते में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और जैव विविधता संरक्षण को भी शामिल किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सहयोग राज्य को सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि ये समझौता हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य और हिमालयी क्षेत्र में सतत विकास के एक आदर्श के रूप में विकसित करने की प्रदेश सरकार की परिकल्पना के अनुरूप है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के असंगठित अपशिष्ट प्रबंधन कर्मियों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से सफाई मित्र योजना का भी शुभारंभ किया।

**धनीराम शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश के आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में जल्द ही एक्सरे और अल्ट्रासाउंड मशीने उपलब्ध होंगी, जिससे लोगों को घरद्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। शिमला में आज एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि एक्सरे और अल्ट्रासाउंड मशीनों की खरीद से जुड़ी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक—एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान, जबकि लाहौल स्पीति और भरमौर क्षेत्रों में दो—दो संस्थान स्थापित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य अधोसंरचना और उन्नत चिकित्सा उपकरणों की खरीद पर लगभग तीन हज़ार करोड़ रूपए का निवेश कर रही है।

**भाजपा**

भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता व विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा है कि प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए पंचायती राज व स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से कांग्रेस सरकार के मंत्री बौखलाहट में अनाप—शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की तुष्टीकरण की राजनीति अब खुलकर सामने आ रही है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि चुनावों में लगातार हार और जनता के बीच घटते जनाधार के कारण कांग्रेस नेता धार्मिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर विवादित बयान देकर ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं।

इस बीच भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा है कि प्रदेश में हाल ही में हुए स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में भाजपा को मिले भारी जनसमर्थन से कांग्रेस की राजनीतिक विदाई यात्रा शुरू हो चुकी है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से अब छुटकारा चाहती है और आने वाले समय में ये जन आक्रोश और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में युवा चेहरे जीत कर आए हैं। शिमला में आज उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दलगत राजनीति से उपर उठकर सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर आगे बढ़ेगी। विक्रमादित्य सिंह ने इन चुनावों के नतीजों को लेकर भाजपा के दावों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव पार्टी सिंबल पर नहीं हुए ऐसे में भाजपा का जीत का दावा करना उचित नहीं है।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती के मौके पर 23 जून को रिज मैदान पर प्रो—बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें भारत सहित 6 देशों के प्रतिभागी भाग लेंगे।

## विधानसभा अध्यक्ष

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन भारत क्षेत्र जोन–2 का आयोजन हरियाणा विधानसभा द्वारा 8 से 10 जून तक चंडीगढ़ विधानमंडल में किया जाएगा। सम्मेलन में पांच राज्यों दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर और पंजाब के पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी इस सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन के दौरान विकसित भारत 2047– राष्ट्रीय लक्ष्य को पाने में जागरूक नागरिक, समाज और युवा विधायकों की भूमिका विषय पर मंथन किया जाएगा।

## राजीव बिंदल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सात जून को 12 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा राज्य भर में महाजनसंपर्क अभियान चलाएगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने नाहन में ये जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के दौरान पार्टी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाएगी। बिंदल ने कहा कि अभियान के प्रथम चरण में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 जून को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा शिमला में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

----------

**05.06.2026 / 19.45बजे / रितेश / प्रभा / मोहन / पूजा**

**भारत– युवा सम्मेलन........**

केंद्रीय युवा मामले व खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत संस्था द्वारा कल नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में युवा विकसित भारत– मेरा भारत युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में देश के छह हजार से अधिक युवा प्रतिभागी शामिल होंगे, जो छात्रों, युवा महिलाओं, उद्यमियों, कंटेंट क्रिएटर्स और उभरते नेताओं सहित विभिन्न पृष्ठभूमियों का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत के वर्ष 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के साथ–साथ, यह सम्मेलन देश के युवाओं की आकांक्षाओं, उपलब्धियों और परिवर्तनकारी क्षमता का उत्सव होगा।

आकाशवाणी /

**05.06.2026 / 19.45बजे / रितेश / प्रभा / मोहन / पूजा**

**खेत बचाव अभियान.........**

राष्ट्र स्तरीय खेत बचाओ अभियान के तहत हमीरपुर जिला के रैल व कमलाहू गांव में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें लगभग 2 सौ 50 किसानों ने भाग लिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खरीफ फसलों की बिजाई के दौरान खेतों में पोषण प्रबंधन और फसलों की वैज्ञानिक तरीके से खेती की जानकारी किसानों तक पहुंचाना है। यह अभियान देशभर में 30 जून तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को 'खेत बचाओ' अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

प्रेनो /

**05.06.2026 / 19.45बजे / रितेश / प्रभा / मोहन / पूजा**

**काव्य संकलन**

पिछले लम्बे समय से अध्यापन के साथ साथ प्रकृति के संरक्षण से जुड़े चम्बा जिला के शिक्षक युद्धवीर टंडन और हिंग राज चिराग ने इस दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। इनके प्रयासों से भगवान नामक एक साझा काव्य संकलन प्रकाशित किया गया है जिसमें पर्यावरण संरक्षण को लेकर देश, प्रदेश और जिला चम्बा के कई महान कवियों के मन के उदगार प्रकाशित किए गए हैं। शिक्षक व कवि युद्धवीर टंडन ने बताया कि आज के समय में पर्यावरण को लेकर हर कोई चिंतित है और भारतीय ज्ञान दर्शन में पर्यावरण को भगवान के सम्मान माना गया है। इसी कड़ी में भगवान नमक एक साझा काव्य संकलन प्रकाशित किया गया है जिसमें 40 से अधिक कवियों ने अपने मन के उदगार प्रकट किए हैं।

पीटीसी विकास /

**05.06.2026 / 19.45बजे / रितेश / प्रभा / मोहन / पूजा**

**आरबीआई**

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि पॉलिमर आधारित करेंसी नोटों का प्रस्ताव बैंक के विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव अभी प्रारंभिक स्तर पर है। देश के विभिन्न हिस्सों में बैंक शाखाओं और ए.टी.एम. में नोटों की कमी को लेकर कुछ ग्राहकों ने शिकायतें की हैं। इन मुद्दों पर उन्होंने कहा कि बैंक के पास पर्याप्त नकदी है और यदि कोई कमी है तो उसे तुरंत पूरा कर दिया जाएगा।

आकाशवाणी /